गुहार — थाने में कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

# गरीब किसान की पुश्तैनी जमीन पर किया जा रहा अवैध कब्जा



**नवभारत, शहडोल।** जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम कौबासर में एक गरीब किसान की पुश्तैनी भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम निवासी जग्गू विश्वकर्मा, पिता स्वर्गीय रामगरीब विश्वकर्मा, ने आरोप लगाया है कि उनकी खसरा नंबर 200/670 रकबा लगभग 1 एकड़ कृषि भूमि पर उनके ही जाति के दूर के रिश्तेदारों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है।

### वृद्ध असहाय दंपती न्याय पाने पहुंचे जिला मुख्यालय

पीड़ित किसान का कहना है कि उक्त भूमि पर वह वर्षों से खेती करता चला आ रहा है। इसी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका मकान भी बना हुआ है, जिसके बगल की शेष खेती योग्य भूमि पर अमृतलाल विश्वकर्मा व उसके पुत्र दीनू, उत्तम एवं महेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा अवैध रूप से कच्चा मकान और दीवार खड़ी की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि दबंगों द्वारा मध्यप्रदेश शासन की बनी सड़क एवं सार्वजनिक रास्ते को भी अवरुद्ध किया जा रहा है। विरोध करने पर आरोपी लाठी और टांगी लेकर मारपीट की धमकी देते हैं और आए दिन विवाद करते हैं।

### जयसिंहनगर थाने से नहीं मिल रही मदद

पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में थाना जयसिंहनगर में दो-तीन बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए हैं। जग्गू विश्वकर्मा और उनकी पत्नी दोनों ही वृद्ध हैं। उनके दोनों बच्चे रोज़गार के लिए बाहर मजदूरी करने चले गए हैं, जिससे उनकी जमीन की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। इस स्थिति का फायदा उठाकर दबंग खुलेआम कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मांग की है कि पुरानी शिकायतों, जुर्माना रसीदों एवं राजस्व अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हें उनकी पुश्तैनी जमीन दिलाई जाए, साथ ही अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफकड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अब सवाल यह उठता है किक्या गरीब और वृद्ध किसान को न्याय पाने के लिए और किसी बड़ी घटना का इंतजार करना पड़ेगा?या प्रशासन समय रहते बुजुर्ग दम्पत्ति को परेशान करने वालो पर शिकंजा कसेगा?

# पुलिया बनवाने के लिए सचिव ने साल भर पहले निकाली राशि

▶ आज तक नही शुरू हुआ पुलिया का काम

**नवभारत, ब्योहारी।** निर्माण कार्यों के नाम पर अग्रिम राशि निकाल कर उसे डकारने मेंग्राम पंचायत खैरा के सचिव उपेंद्र सिंह ने महारथ हासिल कर रखी है ऐसा कहना शायद गलत नहीं होगा, क्योंकि यदि देखा जाय तो इन्हे जिस पंचायत का प्रभार मिला है वंहीं इन पर अग्रिम राशि निकाल कर कार्य न कराने का आरोप लगा है।

### पुलिया निर्माण को लेकर परेशान सरपंच

जनपद पंचायत ब्योहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा मे आदिवासी सरपंच है जो कम पढ़ा लिखा मात्र साक्षर है जिसका फायदा उठाते हुए सचिव उपेंद्र सिंह ने रामचंद्र के घर के पास गांजर मे पुलिया निर्माण कराने को कह साल भर पहले फर्जी बिल तैयार करते हुए सरपंच को धोके मे रख 478380 रूपये का आहरण करते हुए राशि बेंडर से लेकर अपने पास रख लिया गया और पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया जिसे लेकर सरपंच सिया शरण काफी परेशान है। बार - बार कहने के बाद भी उपेंद्र सिंह द्वारा पुलिया का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। सरपंच ने बताया कि अब वर्तमान मे वो धाँधोकुई पंचायत मे पदस्थ है उनका यंहा से ट्रांसपर भी हो गया है।

### पूर्व के मामले में जिला पंचायत में चल रही कार्यवाही

ऐसा नहीं है कि सचिव उपेंद्र सिंह ने पहली बार खैरा मे अग्रिम राशि निकाली है इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत पपौंध मे पदस्थ रहते हुए शांपीग कम्पलेक्स निर्माण के नाम पर उपयंत्री के मूल्यांकित राशि से अधिक राशि निकालने का आरोप लगा था और आज भी वह निर्माण अधूरा पड़ा हुआ। शिकायत की जांच उपरांत दोषी पाये जाने पर जिला पंचायत मे कार्यवाही प्रचलित होना बताया जा रहा है।

### फर्जीवाड़े में रोक लगाने, वित्तीय प्रभार से हटाने की मांग

इन दिनों सचिव उपेंद्र सिंह को ग्राम पंचायत धाधोंकुई का प्रभार मिला हुआ है, वंहा भी निर्माण कार्यों के नाम पर अग्रिम राशि निकालने का सिलसिला जारी होने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से सचिव उपेंन्द्र सिंह को पंचायत का प्रभार मिला है तब से अनाप सनाप बिल लगाकर लाखो रूपये आहरित किये गये है हकीकत क्या है उसका खुलासा जांच से ही हो सकता है। ग्रामीणों ने सचिव उपेंद्र सिंह को वित्तीय प्रभार से हटाने की मांग की है।

**इनका कहना है**

पुलिया बनवाने के लिए कई बार बोला गया है। उनके द्वारा कहा जा रहा है कि अभी पैसा चुक गया है। फ़िर बाद मे बनवाते है। अभी शिकायत कंही नहीं किये है यदि जल्दी पुलिया नहीं बनवायेगे तो इसकी शिकायत करूंगा।

**सिया शरण कोल**
**सरपंच, ग्राम पंचायत खैरा**

दिखवाते है। यदि पुलिया नहीं बना है और राशि का आहरण हुआ है तो कार्यवाही की जायेगी।

**विजय सिंह,**
**प्रभारी एसडीओ, जनपद पंचायत ब्योहारी**

सरपंच और हम दोनों लोग मिलकर पैसा निकाले हैं। दोनों के पास पैसा है। पुलिया का निर्माण कराया जायेगा।

**उपेंद्र सिंह, सचिव**
**ग्राम पंचायत धाधोंकुई**

# कार्यो में रूचि नहीं लेने वाले ठेकेदारों को नोटिस दें : कमिश्नर

▶ सुरभि गुप्ता ने कार्यों के भुगतान पर लापरवाही बरतने पर सीएमओ को निलंबित करने के दिए निर्देश



**नवभारत, शहडोल ।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में शहडोल संभाग में नगरीय प्रशासन द्वारा किये जा करें विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शहडोल संभाग के समस्त मुख्य नगपालिका अधिकारियो को निर्देश दिए कि नगरीय निकायो द्वारा किये जा रहे समस्त विकास कार्यो में प्रगति लाते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि कार्यो न करने वाले ठेकेदारो को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें एवं पूर्ण कार्यों का भुगतान लंबित न रहे यह भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के पार्कों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाए तथा नगरीय निकायो में स्थापित की जाने वाली पानी टंकिया निर्धारित मापदंडो के अनुसार स्थापित करे । उन्होंने कहा कि अमृत-2.0 के तहत किये जा रहे वाटर बॉडी के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। कमिश्नर ने अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत जल प्रदाय योजना, वाटर वॉडी निर्माण योजना तथा पार्क निर्माण योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन निकायों में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां सभी समस्याओं का निराकरण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें एवं एजेन्सी द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर पैनाल्टी भी लगाई जाए। कमिश्नर ने अनूपपुर जिले के नगरपरिषद बरगंवा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामशरण तिवारी को कार्यों के भुगतान पर लापरवाही बरतने पर निलंबित करने एवं सी.एम.ओ. एवं एकाउटेंड से रिकवरी के भी निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन आरपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन अरविंद शर्मा सहित शहडोल संभाग के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं इंजीनियर्स उपस्थित रहें।

# स्वामी विवेकानंद ने गर्व से कहा मैं हिंदू हूं : रामकृष्ण



**नवभारत, शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के हर मंडल, बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपूर्ण हिंदू समाज के माध्यम से किया जा रहा है। सोमवार के दिन शहडोल नगर के घरौला बस्ती में साईं मंदिर के पास विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मंच में मुख्य वक्ता के रूप में रामकृष्ण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत पर्यावरण प्रमुख, संत सामाजिक प्रतिनिधि के रूप में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सुशील शास्त्री एवं मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व समाज सेविका श्रीमती राखी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता की छायाचित्र के समक्ष मंगलदीप एवं पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में कन्या पूजन एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के गणमान्य नागरिक मातृशक्ति एवं युवा सम्मिलित रहे।

मुख्य वक्ता रामकृष्ण जी ने अल्प समय में सारगर्भित प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए बताया की कई जातियां में पृथक हिंदू समाज कभी भी किसी हिंदू सम्मेलन के नाम पर एक छत के नीचे एकत्रित नहीं हुआ होगा। यदि किसी जाति विशेष का कोई कार्यक्रम हो तो वहां उस समाज के लोग जरूर अपने भागीदारी निभाते हैं । लेकिन खुद को हिंदू मानने की भावना और उस पर गर्व करना शायद समाज ने भुला दिया है। आखिर 1925 में ऐसा क्या हुआ कि परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना करना पड़ा। इसका मूल कारण हिंदुओं को एकजुट करना ही था। खुद को सबके सामने गर्व के साथ हिंदू होने का उद्घोष करने वाले देश के इतिहास में ऐसे दो महापुरुष हुए हैं। जिन्होंने पूरे गर्व के साथ सबके सामने उद्घोष किया कि मैं हिंदू हूं। पहले महापुरुष स्वामी विवेकानंद जिन्होंने शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में गर्व से कहा कि मैं हिंदू हूं। यह उद्घोष इतिहास का पहला उद्घोष था। दूसरे महापुरुष डॉ केशव बलिराम हेडगेवार है जिन्होंने नागपुर की एक बैठक में जब किसी ने कहा की भारत एक हिंदू राष्ट्र नहीं है। तब डॉक्टर साहब ने सबके सामने उस व्यक्ति की बात काटते हुए भारत को एक हिंदू राष्ट्र बताते हुए कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। था । रहेगा। इस तरह इन महापुरुषों ने हिंदुओं को संगठित करने के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। आज हिंदू समाज अपने अलग-अलग देवी देवताओं और महापुरुषों को लेकर बटी हुई है।

जबकि सभी देवी देवता और महापुरुष सकल हिंदू समाज के कल्याण के लिए ही प्रकट होते हैं । ओर लगातार प्रयास करते रहते हैं। लेकिन हमने उन्हें आपस में बांट दिया है। हिंदुओं में कभी भी वीरता ज्ञान की कमी नहीं थी। कमी थी तो केवल एकता की समरसता की सद्भाव की आज समय आ गया है कि हमें अपनी जाति समुदाय से आगे बढ़कर हिंदू होना होगा। मुख्य वक्ता के द्वारा कई प्रेरणादायक प्रसंग के माध्यम से उपस्थित हिन्दुओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में भारत माता की आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एवं अन्य लोगों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का संभागीय सम्मेलन एवं नशामुक्ति कार्यशाला आयोजित

▶ विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी रहे मुख्य अतिथि




**नवभारत, गोहपारू ।** 01 फरवरी रविवार को जगज्जननी सिंह वाहिनी दुर्गा मांता मंदिर भठिया प्रांगण में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन संभाग शहडोल के तत्वावधान में आयोजित संभागीय पेंशनर्स सम्मेलन एवं नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन जैतपुर निर्वाचन क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य, जैतपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन सेठिया के विशिष्ट आतिथ्य,संगठन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष राम निवास मिश्र की अध्यक्षता एवं महेश प्रसाद द्विवेदी संभागीय महासचिव के संचालन एवं संगठन के तीनों जिलों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सचिव उपाध्यक्ष एवं ब्लाक तहसील के पदाधिकारियों सहित अनेक पेंशनर्स की गरिमामयी उपस्थिति तथा श्री कमलेश मिश्र एवं बृज कुमार शर्मा के संयोजकत्व में नशा मुक्ति के संकल्प के लिए संभाग भर के पेंशनर्स का जमावड़ा मंचस्थ शहडोल जिला अध्यक्ष पी सी गुप्ता, उमरिया जिला अध्यक्ष राजेंद्र पाण्डेय, अनूपपुर जिला अध्यक्ष शंभू प्रसाद शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष शहडोल, इमरान सिद्दीकी, अनूपपुर के बृजभूषण शुक्ल, जिला एवं प्रान्त सचिव के एम चतुर्वेदी, पूर्व संभागीय अध्यक्ष अशोक उपाध्याय, मानपुर अध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, ब्यौहारी से मंगलेश्वर सिंह संभागीय अध्यक्ष सनत कुमार पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आचार्य डा तीर्थ प्रसाद द्विवेदी के अलावा जैसिंहनगर तहसील अध्यक्ष के पी मिश्र, सोहागपुर से प्रदीप राव,राजन सिंह,गोहपारू से राजेश कुमार दुबे, ब्यौहारी से रामावतार गुप्ता, रामाधार जैसवाल जिला उपाध्यक्ष परसुराम द्विवेदी, सूर्य प्रताप सिंह, अंबिका प्रसाद मिश्र, सुरेंद्र सिंह , बुद्धसेन सिंह सहित तकरीबन दो सौ पचास पेंशनर्स की उपस्थिति में संपन्न हुआ,आयोजन में ब्लाक-तहसील गोहपारू के शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमरबहादुर सिंह, बालेंदु मिश्र सचिव अबुल कलाम सिद्दीकी सहित बेसाहू लाल बैगा ,कुशल सिंह तथा शासकीय अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष विजय कृष्ण मिश्र,बुढ़ार ब्लाक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

कार्यक्रम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना एवं संगठन के ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ, मुख्य अतिथि महोदय द्वारा जहां नशामुक्ति का संकल्प कराया गया वहीं जितेन्द्र तिवारी द्वारा नशामुक्ति का प्रेरणा गीत गाया गया, इसके अलावा पेंशनर्स की मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ विभाजन के समय रखी गई धारा 49(6) आयुष्मान का लाभ देने केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों को दी जा रही मंहगाई भत्ता निर्धारित तिथि से प्रदान करने जैसी अनेक समस्याओं के निदान हेतु विधायक के समक्ष बातें रखीं गई जिन्हें विधायक जी द्वारा अपने उद्बोधन में शासन के समक्ष रखे जाने का आश्वासन दिया गया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा 80वर्ष पूर्ण कर चुके वहां पर उपस्थित अति वरिष्ठ पेंशनर बद्री प्रसाद द्विवेदी गोहपारू,माया राम पटेल ब्यौहारी रामनिवास पयासी जैसिंहनगर, महेश गुप्ता सोहागपुर राज मोहन सिंह बुढ़ार, रामभुवन तिवारी, जगदीश प्रसाद मिश्र,भैया लाल शर्मा, जीवन लाल सोनी तथा 31जनवरी2026को सेवा निवृत्त कर्मचारी छक्के लाल गुप्ता एवं रज्जू पाव को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया ।अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सम्माननीय पेंशनर्स अधिकारी, कर्मचारियों एवं प्रतिनिधियों का आभार कार्यक्रम के संयोजक कमलेश मिश्र द्वारा प्रकट किया गया।



# संयुक्त संचालक ने खेल मैदानों का किया आकस्मिक निरीक्षण

▶ राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं की उम्मीदें बढ़ीं

**नवभारत, शहडोल।** मध्यप्रदेश के संयुक्त संचालक खेल आलोक खरे ने 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को शहडोल जिले के प्रमुख खेल मैदानों का आकस्मिक दौरा किया। दौरे में विचारपुर (मिनी ब्राज़ील) खेल परिसर, डिग्री कॉलेज शहडोल, बुढार और धनपुरी सहित अन्य मैदान शामिल रहे।निरीक्षण के दौरान उमेश कुमार धुर्वे, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल, संभागीय खेल अधिकारी सुदर्शन मिश्रा और सहायक संचालक खेल रईस अहमद मौजूद रहे और उन्हें मैदानों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।श्री खरे के कार्यकाल में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल गतिविधियों में सुधार देखने को मिला है। वर्तमान में बच्चों में खेल के प्रति रुचि और लगाव बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और प्रतिभा खोज कार्यक्रम जोर-शोर से चल रहे हैं। उनके आकस्मिक दौरे से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि आदिवासी क्षेत्रों में बड़े खेल आयोजन की संभावनाएं हैं। श्री खरे, जो ओलंपिक संघ के सचिव भी हैं, ने इस शिक्षा सत्र में शहडोल और उमरिया में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर क्षेत्रीय खेल विकास को मजबूत किया है। अधिकारियों का मानना है कि इस दौरे से बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और प्रतियोगिताओं में भागीदारी बढ़ेगी।

समापन समारोह — 400 से अधिक बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा, रिलायंस सीबीएम परियोजना के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल का विकास

# शहडोल में चौथी जूनियर फुटबॉल लीग का सफल आयोजन



**नवभारत, शहडोल ।** समापन समारोह के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किए गए। इसके पश्चात रिलायंस सीबीएम परियोजना के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस हेड फणीधर अडला द्वारा मुख्य अतिथि जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी का शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। सीबीएम टीम द्वारा अन्य सभी अतिथियों का भी पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एवं रूपरेखा बताते हुए साइट सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि इस तीन दिवसीय फुटबॉल लीग में कुल 30 टीमों ने भाग लिया, जिनमें रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित 13 फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्रों की 26 टीमें तथा परियोजना क्षेत्र के बाहर से बिचारपुर, ज्ञानोदय रेलवे एवं धनपुरी की 04 टीमें शामिल रहीं। प्रतियोगिता में 400 से अधिक ग्रामीण बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने रिलायंस सीबीएम परियोजना द्वारा शहडोल जिले के ग्रामीण अंचलों में फुटबॉल के विकास हेतु किए जा रहे सतत एवं समग्र प्रयासों की भी जानकारी दी।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में बालिका वर्ग में रिलायंस फाउंडेशन प्रशिक्षण केंद्र, कन्या शिक्षा परिसर कंचनपुर की टीम विजेता रही, जबकि बालक वर्ग में रिलायंस फाउंडेशन एकलव्य धुरवार प्रशिक्षण केंद्र की टीम ने खिताब अपने नाम किया।समापन समारोह में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रईस अहमद, सहायक संचालक खेल, शहडोल संभाग, लालपुर ग्राम पंचायत की सरपंच रामकली बैगा, जनपद सदस्य निसाबिर नायक, उपसरपंच दीपु सिंह, फणीधर अडला, साइट ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस हेड तथा सुशील शरण, साइट प्रोडक्शन हेड, रिलायंस सीबीएम परियोजना विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि विधायक जयसिंह मरावी ने अपने संबोधन में रिलायंस सीबीएम परियोजना द्वारा शहडोल जिले में फुटबॉल के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मैचों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित खेल तकनीकों की प्रशंसा करते हुए बच्चों से खेल एवं शिक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर फुटबॉल कोच के रूप में विकसित करना एक अभिनव एवं सराहनीय पहल है, जो ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है तथा बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती है।समारोह में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी शहडोल जिले में फुटबॉल के बढ़ते प्रभाव एवं रिलायंस सीबीएम परियोजना के योगदान पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि इस पहल से बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ी है, विद्यालयों में अनुपस्थिति एवं ड्रॉपआउट दर में कमी आई है तथा बालिकाओं की खेलों में भागीदारी को विशेष प्रोत्साहन मिला है।

**विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किए गए**

कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों, उनके कोचों एवं खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन श्री समीम ख़ान द्वारा किया गया। इस आयोजन की सफलता में सीएसआर टीम के सदस्यों, विशेष रूप से अश्वनी शर्मा, सभी प्रशिक्षकों एवं सीएसआर लोकल कैडर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।